प्रेषक,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-9 **लखनऊ : दिनांक- 28 अप्रैल, 2016**

विषय- प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना-2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-2017 में आयोजनागत पक्ष में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष केन्द्रांश प्राप्त होने की प्रत्याशा में वित्तीय स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-197/एफ-32/यू0पी0आर0आर0डी0ए0/2016-17, दिनांक-26.04.2016 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना-2 के लिये प्राविधानित धनराशि रू0 14,84,57,00,000.00 (रूपये चौदह अरब चौरासी करोड, सत्तावन लाख मात्र) के सापेक्ष प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना-2 के संचालन हेतु प्रोग्राम फण्ड में केन्द्रांश प्राप्त होने की प्रत्याशा में रू0 3,71,14,25,000.00 (रूपये तीन अरब इक्हत्तर करोड़ चौदह लाख पच्चीस हजार मात्र) (केन्द्रांश/राज्यांश) को आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1)- इस रू0 3,71,14,25,000.00 (रूपये तीन अरब इक्हत्तर करोड़ चौदह लाख पच्चीस हजार मात्र) की धनराशि का समायोजन भारत सरकार से प्राप्त होने वाले केन्द्रांश के सापेक्ष कर लिया जायेगा।

(2)- धनराशि जिन मदो के लिये स्वीकृत की जा रही है, व्यय उसी मदों में किया जायेगा, अन्य मदों में व्यय कदापि न किया जायेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की गाइड लाइन की व्यवस्थानुसार ही धनराशि का व्यय किया जायेगा।

(3)- स्वीकृत धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जायेगा। किसी मद में कोई धनराशि शेष बचती है, तो उसे शासन को समर्पित किया जायेगा।

(4)- व्यय धनराशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार/शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(5)- स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक-22.03.2016 द्वारा निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(6)- उक्त धनराशि को एक मुश्त आहरित कर उ0प्र0 ग्रामीण सडक विकास अभिकरण के नाम से स्टेट बैंक, जवाहर भवन, लखनऊ में खुले बचत बैंक खाता संख्या-10616665805 में तत्काल जमा किया जायेगा तथा उक्त धनराशि का व्यय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों व संगत शासनादेशों के अनुसार सुनिश्चित किया जायेगा।

-2/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-2017 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-13 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-"5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-02-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-0201-प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-2 के अन्तर्गत सडकों का निर्माण (के.60/रा.40-के.+रा.) -24-वृहत निर्माण कार्य" के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक-22.03.2016 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

संख्या- 18/2016/ पी-323 (1)/अड़तीस-9-2016, तद दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3- निदेशक (आर0सी0), ग्रामीण संपर्क मार्ग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4- वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 ग्रामीण सडक विकास अभिकरण, लखनऊ।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-2/वित्त (आय-व्ययक)/अनुभाग-1
8- ग्राम्य विकास अनुभाग-3।
9- गार्डबुक।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।